# Hindi Durva

## Chapter 22 – यात्रा की तैयारी

**1. पढ़ो और सुनो**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दशहरा | सागर | सूर्योदय | विवेकानंद | कन्याकुमारी |
| मोटर लांच | पूर्णिमा | संगम | सूर्यास्त | विशाल मूर्ती |
| चट्टान | लहर | एक साथ | पहुँचना | तिरुअनंतपुरम |
| आनंद लेना | रामकृष्ण | परमहंस | याद रखना | सिपियाँ आयर |
| शंख | | | | |
| राजधानी एक्सप्रेस | | | | |
| | | | | |

**उत्तर:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दशहरा | सागर | सूर्योदय | विवेकानंद | कन्याकुमारी |
| मोटर लांच | पूर्णिमा | संगम | सूर्यास्त | विशाल मूर्ती |
| चट्टान | लहर | एक साथ | पहुँचना | तिरुअनंतपुरम |
| आनंद लेना | रामकृष्ण | परमहंस | याद रखना | सिपियाँ आयर शंख |
| राजधानी एक्सप्रेस | | | | |

**2. पढ़ो और समझो**

| | | |
|---|---|---|
| **मुश्किल-कठिन** | **ज्यादा कम** | **मज़ा उमंग** |
| **पास-दूर** | **ज्यादा अधिक** | **मुश्किल आसान** |
| **लहर-तरंग** | **उदय अस्त।** | **सुखद- सुख देनेवाला,** |
| **आरामदायक** | | |
| **बैठना-खड़ा होना।** | | |

**उत्तर:**

| | |
|---|---|
| मुश्किल, कठिन - आसान | ज्यादा, अधिक - कम |
| पास – दूर | उदय - अस्त |
| लहर – तरंग | मज़ा - उमंग |
| आरादायक – दिक्कत | |
| बैठना – खड़ा होना | |

**3. तालिका के प्रत्येक कॉलम से एक-एक शब्द लेकर वाक्य बनाओ।**

**(क)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मैं** | **घर** | **जाऊँगा, करूँगा** | **जाऊँगा, करूँगा** |
| **तुम** | **काम** | **जाओगे, करोगे** | **जाओगी, करोगी** |
| **वह** | | **जाएगा, करेगा** | **जाएगी, करेगी** |
| **हम** | | **जाएँगे, करेंगे** | **जाएँगी, करेंगी** |
| **आप** | | | |
| **वे** | | | |

**उत्तर:** मैं घर जाऊँगा। मैं घर जाऊँगी।

तुम काम करोगे? तुम काम करोगी?

वह घर जाएगी। वह घर जाएगा।

हम घर जाएँगे।

आप काम करोगे? आप घर जाओगे?

वे काम करेंगे। वे घर जाएँगे।

**(ख)**

| | |
|---|---|
| **राजेश** | **जयपुर** |
| **जाएगी** | |
| **गौरी** | **बेंगलूर** |
| **जाएगा** | |
| **पिता जी** | **जाएँगी** |
| **जाएँगे** | |
| **माता जी** | |
| **लड़कियाँ** | |

**उत्तर:** राजेश जयपुर जाएगा।

गौरी बेंगलूर जाएगी।

पिता जी जयपुर जाएँगे।

माता जी बेंगलूर जाएँगी।

लड़कियाँ जयपुर जाएँगी।

**4. समान अर्थ वाले शब्दों को लिखें।**

**सागर शाम**

**मुश्किल आरामदायक**

**संध्या आनंद**

**मज़ा कठिन**

**सुखद          समुद्र**

**उत्तर:** सागर का समान शब्द समुद्र होगा।

मुश्किल का समान शब्द कठिन होगा।

संध्या का समान शब्द शाम होगा।

मज़ा का समान शब्द आनंद होगा।

सुखद का समान शब्द आरामदायक होगा।

**5. कोष्टक में दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य पूरे करो।**

**( काफी, संगम, राजधानी, मोटर लांच )**

**1. कन्याकुमारी में तीन सागरों का ……… होता है।**

**2. हम तिरुअनंतपुरम तक ………. एक्सप्रेस से जायेंगे।**

**3. मेरी तो ……….. छुट्टियाँ बाकि है।**

**4. हम लोग ………. से स्मारक पहुँचेंगे।**

**उत्तर:** 1.कन्याकुमारी में तीन सागरों का संगम होता है।

2. हम तिरुअनंतपुरम तक राजधानी एक्सप्रेस से जायेंगे।

3. मेरी तो काफी छुट्टियाँ बाकि है।

4. हम लोग मोटर लांच से स्मारक पहुँचेंगे।

**6. नमूने के अनुसार वाक्य बदलो।**

**1.सभी को मिठाई कम खानी चाहिए।**

**उत्तर:** देखो, मिठाई कम खाओ।

**2. हमें रात में भोजन कम करना चाहिए।**

**उत्तर:** देखो, भोजन कम करो।

**3. सभा में कम बोलना चाहिए।**

**उत्तर:** देखो, कम बोलो।

**7. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो।**

**1.पिता जी चिट्ठी लिख रहे हैं।**

**उत्तर:** वह चिट्ठी लिखेंगे।

**2. लता साइकल चला रही है।**

**उत्तर:** वह साइकल चलाएगी।

**3. हम फिल्म देख रहे हैं।**

**उत्तर:** हम फिल्म देखेंगे

**4. मैं तेलुगु पढ़ रही हूँ।**

**उत्तर:** मैं तेलुगु पढ़ूँगी।

**5. तुम क्या कर रहे हो?**

**उत्तर:** तुम क्या करोगी?

**8. प्रश्नों के उत्तर दो।**

**1.निशा मैसूर क्यों जाना चाहती थी?**

**उत्तर:** निशा अपनी दशहरे की छुट्टियों में मैसूर जाना चाहती थी।

**2. निशा का परिवार कन्याकुमारी कैसे जाएगा?**

**उत्तर:** निशा का परिवार पहले तिरुअनंतपुरम तक राजधानी एक्सप्रेस में जायेंगे फिर वहाँ से बस या रेल से कन्याकुमारी पहुँचेंगे।

**3. शाम से पहले कन्याकुमारी पहुँचना क्यों जरूरी है?**

**उत्तर:** शाम से पहले कन्याकुमारी पहुँचना इसलिए जरूरी है क्योंकि कन्याकुमारी का सूर्यास्त और सूर्योदय दोनों ही देखना मन मोहक होता है।

**4. पूर्णिमा की संध्या को कन्याकुमारी में क्या देख सकते हैं?**

**उत्तर:** पूर्णिमा की संध्या को कन्याकुमारी में चन्द्रमा का उदय और सूरज का अस्त होना दोनों ही देख सकते हैं।

**5. लोग विवेकानंद स्मारक कैसे पहुँचते हैं?**

**उत्तर:** लोग विवेकानंद स्मारक मोटर लांच से पहुँचते हैं।